अमर उजाला 25/01/2026

प्रश्नोत्तरी में टीम ई ने मारी बाजी

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में सरस्वती महोत्सव 2026 के अंतर्गत आईकेएस क्लब द्वारा विद्यार्थियों में अध्ययन के प्रति रुचि, रचनात्मकता तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित करने हेतु प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रारंभिक चरण के उपरांत कुल छह टीमों का चयन अंतिम चरण के लिए किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान टीम ई ने प्राप्त किया, इसमें बीकॉम (ऑनर्स) द्वितीय वर्ष के हिमांशु, हर्ष, समीर एवं निखिल शामिल थे।

द्वितीय स्थान टीम ए को प्राप्त हुआ, इसमें बीए द्वितीय वर्ष (अंग्रेजी ऑनर्स) के विनीत एवं अनुपमा तथा बीसीए (एआई) प्रथम वर्ष की अवलीन एवं राशि शामिल थीं।

तृतीय स्थान टीम एफ ने प्राप्त किया, इसमें बीकॉम (ऑनर्स) द्वितीय वर्ष के मुस्कान, रमन एवं माही तथा बीकॉम द्वितीय वर्ष की महक प्रतिभागी रहीं। निबंध लेखन में बीए तृतीय वर्ष की सिमर ने प्रथम, कुलविंदर कौर ने द्वितीय तथा चाहत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संवाद